नौनिधि अंमृतु प्रभ का नामु,देही महिं इसका बिसरामु ॥
सुंन समाधि अनहत तँह नाद,कहनु न जाई अचरज बिसमाद ॥
तिनि देखिया जिसु आपि दिखाये, नानक तिसु जन सोझी पाये ॥१॥

[उपदेश] **॥ असटपदी २४ ॥**

पूरे गुर का सुनि उपदेसु, पारब्रहमु निकटि करि पेखु ॥
सासि सासि सिमरहु गोबिंद,मन अंतर की उतरै चिंद ॥
आस अनित तियागहु तरंग,संत जनां की धूरि मन मंग ॥
आपु छोडि बेनती करहु,साध-संगि अगिन-सागरु तरहु ॥
हरि-धन के भरि लेहु भंडार, नानक गुर पूरे नमसकार ॥१॥

उत्तम सलोक साध के बचन,अमुलीक लाल एहि रतन ॥
सुनत कमावत होत उद्धार, आपि तरैं लोकह निसतार ॥
सफल जीवनु सफलु ता का संगु, जाकै मनि लागा हरि-रंगु ॥
जै जै सबदु अनाहदु वाजै, सुनि सुनि अनंद करै प्रभु गाजै ॥

प्रगटे गुपाल१ महांत कै माथै, नानक उद्धरे तिनकै साथे ॥३॥

इहु निधानु जपै मनि कोय, सभ जगु महिं ताकी गति होय ॥
गुण गोबिंद नाम-धुनि बाणी, सिम्रृति सासत्र बेद बखाणी ॥
सगल मतांत केवल हरिनाम, गोबिंद भगत कै मनि बिसराम ॥
कोटि अपराध साधसंगि मिटै, संत-कृपा ते जम ते छुटै ॥
जाकै मसतकि करम प्रभि पाये, साध-सरणि नानक ते आये ॥७॥

गौड़ी की वार महल्ला ३ ॥

(मायाधारी और गुरुमुख)

मायाधारी अति अंना बोला, सबदु न सुणई बहु २ रौल घचौला॥
गुरमुखि जापै सबदि लिव लाय, हरिनामु सुणि मंने हरिनाम समाय ॥
जो तिसु भावै सु करे कराया, नानक वजदा जंतु वजाया ॥२॥

॥ गौड़ी की वार सलोक महल्ला ५ ॥

(धन्य-जीवन)

जिनां सासि गिरासि न विसरै हरिनामां मन मंतु ॥
धंनु सि सेई नानका पूरनु सोई संत ॥१॥

१--महान्-आत्मा अथवा पुण्यात्मा। २--माया-ममता की, झूठी खटपट में पड़कर।

राग आसा

आसा महल्ला १ (चौपदे घरु २)

(नाम-महिमा)

आखां जीवां विसरै मरि जाऊँ, आखणि औखा साचा नाउँ ॥
साचे नाम की लागै भूख, तितु भूखै खाय चलियहिं दूख ॥१॥
सो क्यों विसरै मेरी माय, साचा साहिबु साचै नाय ॥१॥ रहाउ ॥
साचे नाम की तिलु वडियाई, आखि थकै कीमति नहीं पाई ॥
जे सभि मिलिकै आखण पाहिं, वडा न होवै घाटि न जाय ॥२॥
ना उहु मरै न होवै सोगु, देंदा रहै न चूकै भोगु ॥
गुणु एहो होरु नाहीं कोय, ना को होआ ना को होय ॥३॥
जेवडु आपि तेवड तेरी दाति, जिनि दिनु करिकै कीती राति ॥
खसम बिसारहिं ते कमजाति, नानक नाँवै बाझु सनाति॥४॥

[उपदेश] **आसा महल्ला ५ ॥**

जीवत दीसै तिसु सरपर मरणां, मुआ होवै तिसु निहचलु रहणां॥१॥
जीवत मुए मुए से जीवे ॥ हरि हरि नामु १ अवखधु मुखि पाया गुरपरसादी रसु अंमृतु पीवे ॥१॥ रहाउ ॥
२ काची मटुकी बिनसि बिनासा, जिसु छूटै ३ त्रिकुटी तिसु निजघरि वासा ॥२॥

१—दवाई। २—शरीर रूपी कच्ची मटकी अंत में अवश्य बिनस जाने वाली है। ३—अंतरीव अभ्यास के एक स्थान का नाम है। भाव यह कि जिसने अभ्यासकी कमाई करके त्रिकुटी स्थान को माया के गलबे से आज़ाद करा लिया है, उसका बासा निज-घर में सहज ही हो जाता है।

ऊँचा चढ़ै सो पवै १ पैयाला, धरनि पड़ै तिसु लगै न काला ॥३॥
भ्रमत फिरे तिन किछू न पाया, से असथिर जिन गुर सबदु कमाया ॥४॥
जीउ पिंडु सभु हरि का माल, नानक गुर मिलि भये निहाल ॥५॥

[वैराग्य] **आसा महल्ला ५ ॥**

जैसे किरसाणु बोवै किरसानी, काची पाकी २ बाढि परानी ॥१॥
जो जनमै सो जानहु मूआ, गोविंद भगत असथिर है थीआ ॥१॥ रहाउ ॥
दिन ते सरपर पौसी राति, रैणि गई फिरि होय परभाति ॥२॥
माया मोए सोय रहे अभागे, गुरप्रसादि को विरला जागे ॥३॥
कहु नानक गुण गाइअहिं नीत, मुख ऊजल होय निरमल चीत॥४॥

[उपदेश] **आसा महल्ला ५ ॥**

कामु क्रोधु लोभु मोहु मिटावै छुटकै दुरमति अपुनी धारी ॥
होय निमानी सेव कमावहिं तां प्रीतम होवहिं मनि पियारी ॥१॥
सुणि सुंदर साधू बचन उद्धारी ॥ दूख भूख मिटै तेरो सहसा सुखु पावहिं तूँ ३ सुखमनि नारी ॥१॥ रहाउ ॥
चरण पखारि करौ गुर सेवा आतम सुधु बिखु ४ तियास निवारी ॥
दासन की होय दासि दासरी तां पावहिं सोभा हरि-दुआरो ॥२॥

१—नीचे:—भाव यह कि जो अभिमान करेगा, वह मुखके बल नीचे गिरता है ।
२—खेतीका फ़सल पहिले कच्चा होता है; फिर पकता है और काटा जाता है । ३—मनुष्यके शरीरके अंदर सुखमना नाड़ी की तरफ़ इशारा किया गया है, जिसका मुख रूहानी अभ्यास द्वारा खुल जाने से अंतरमें सुखकी प्राप्ति होती है । ४—विषय-विकारों की तृष्णा को मिटाकर ।

इही अचार इही बियौहारा आगिया मानि भगति होय तुमारी ॥
जो इहु मंत्र कमावै नानक सो भौजलु पारि उतारी ॥३॥

[चेतावनी] **आसा महल्ला ५ ॥**

भई परापति मानुख १देहुरीया ॥
गोबिंद मिलण की इह तेरी बरीया ॥
अवरि काज तेरै कितै न काम ॥
मिलु साध-संगति भजु केवल नाम ॥१॥
२सरंजामि लागु भवजल तरन कै ॥
जनमु बृथा जात रंगि माया कै ॥१रहाउ॥
जपु तपु संजमु धरमु न कमाया ॥
सेवा साध न जानिया हरिराया ॥
कहु नानक हम नीच करंमा ॥
सरणि परे की राखहु सरमा ॥२॥

[विनय] **आसा महल्ला ५ ॥**

तुझ बिन अवरु नाहीं मैं दूजा तूँ मेरे मन माहीं ॥
तूँ साजन संगी प्रभु मेरा काहे जीअ डराहीं ॥१॥
तुमरा ओट तुमारी आसा ॥ बैठत ऊठत सोवत जागत विसरु नाहीं तूँ सास गिरासा ॥१॥ रहाउ ॥
राखु राखु सरणि प्रभ अपनी अगनिसागर ३विकराला ॥
नानक के सुखदाते सतिगुर हम तुमरे बाल गोपाला ॥२॥

१–देही या शरीर। २–जतन। ३–भयानक।

आसा महल्ला ५ (घरु ३)

(चेतावनी)

राज मिलक जोबन गृह सोभा रूपवंतु जोआनी ॥
बहुत दरबु हसती अरु घोड़े लाल लाख १बैआनी ॥
आगै दरगहि कामि न आवैं छोडि चलै अभिमानी ॥१॥
काहे एक बिना चित्तु लाईयै ॥
ऊठत बैठत सोवत जागत सदा सदा हरि ध्याईयै ॥१ रहाउ॥
महाबचित्र सुंदर आखाड़े रण महिं जिते २पवाड़े ॥
हौं मारौं हौं बंधौं छोडऊँ मुखते एव ३ बबाड़े ॥
आया हुकमु पारब्रहम का छोडि चलिया एक दिहाड़े ॥२॥
करम धरम जुगति बहु करता करणैहारु न जानै ॥
उपदेसु करै आपि न कमावै ततु सबदु न पछानै ॥
नाँगा आया नाँगो जासी ज्यों हसती खाकु छानै ॥३॥
संत सॅजन सुनहु सभि मीता झूठा एहु पसारा ॥
मेरी मेरी करि करि डूबे खपि खपि मुए गँवारा ॥
गुर मिलि नानक नामु धियाया साचि नामि निसतारा ॥४॥

[सच्ची निरति] आसा महल्ला ५ ॥

उदम करत होवै मन निरमल नाचै आपु निवारे ॥
पंच जनां ले वसगति राखै मन महिं एकंकारे ॥१॥
तेरा जनु निरति करे गुन गावै ॥ रबाबु पखावज
ताल घुंघरू अनहद सबद वजावै ॥१॥ रहाउ ॥
प्रथमे मनु परबोधै अपना पाछे अवर रीझावै ॥

१—कबज़े में होवैं । २—फ़ौजें । ३—अहंकार के वशमें होकर लाफ़ मारता फिरता है ।

रामनाम जपु हिरदै जापै मुखते सगल सुनावै ॥२॥
कर संगि साधू चरन पखारै संत धूरि तनि लावै ॥
मनु तनु अरपि धरे गुर आगै सति पदारथु पावै ॥३॥
जो जो सुनै पेखै लाय सरधा ता का जनम मरण दुखु भागै ॥
ऐसी निरति नरक निवारै नानक गुरुमुखि जागै ॥४॥

[सुमिरण] **आसा महल्ला ५ ॥**

ऊठत बैठत सोवत धियाईयै, मारगि चलत हरे हरि गाईयै ॥१॥
स्रवन सुनीजै अंमृत कथा ॥ जासु सुनी मनि होय अनंदा
दूख रोग मन सगले लथा ॥१॥ रहाउ ॥
कारजि कामि बाट घाट जपीजै, गुरप्रसादि हरि अंमृत पीजै ॥२॥
दिनसु रैनि हरि कीरतनु गाईयै, सो जनु जमकी वाट न पाईयै ।३।
आठ पहर जिसु विसरहि नाहीं, गति होवै नानक तिसु लगि
पाईं ॥४॥

[आचार] **आसा महल्ला ३ ॥**

संताँ की होय दासरी एहु अचारा सिखु री ॥
सगल गुणाँ गुण ऊतमो भरता दूरि न १ पिखु री ॥१॥
इहु मनु सुंदरि आपणा हरिनामि मजीठै रंगि री ॥
तियागि सियाणप चातुरी तूं जाणु गुपालहिं संगि री ॥१रहाउ ॥
भरता कहै सो मानियै एहु सींगार बणाय री ॥
दूजा भाव विसारियै एहु २ तंबोला खाय री ॥२॥
गुरका सबदु करि दीपको इह सत की सेज बिछाय री ॥
आठ पहर करि जोड़ि रहु तौ भेंटै हरिराय री ॥३॥

१—देख । २—पान ।

तिसही चजु सींगारु सभु साई रूपि अपार री ॥
साई सुहागणि नानका जो भाणी करतारि री ॥४॥

आसा महल्ला ५ (घरु १०)

(चेतावनी)

जिसनों तूँ असथिरु करि मानहिं ते १ पाहुन दो २ दाहा ॥
पुत्र ३ कलत्र गृह सगल समग्री सभ मिथिया ४ असनाहा ॥१॥
रे मन क्या करहिं है हाहा ॥
दृसटि देख जैसे हरि ५ चंदौरी इक राम भजनु लै लाहा ॥१ रहाउ ॥
जैसे बसतर देह ओढाने दिन दोय चारि ६ भोराहा ॥
भीति ऊपरे केतक धाईये अंति ७ ओर को आहा ॥२॥
जैसे अंभ कुंड करि राखियो परत ८ सिंधु गल जाहा ॥
आवगि आगिया पारब्रहम की उठि जासी ९ मुहत चसाहा ॥३॥
रे मन लेखै चालहिं लेखै बैसहिं लेखै लैंदा साहा ॥
सदा कीरति करि नानक हरिकी १० ऊबरे सतिगुर चरण
११ ओटाहा ॥४॥

[लोभ] आसा महल्ला ९ ॥

बिरथा कहऊँ कौन स्यों मनकी ॥
लोभि ग्रसियो दसहूँ दिस धावत आसा लागियो धनकी ॥१ रहाउ॥
सुखकै हेत बहुतु दुख पावतु सेव करत जन-जनकी ॥
दुआरहिं दुआर सुआन ज्यों डोलत नहँ सुध राम-भजनकी ।१।

१—मेहमान। २—दो दिनों के। ३—स्त्री। ४—प्यार। ५—जैसे चकोर चंद्रमा को प्यारसे देखता है। ६—फट जाते हैं। ७—सिरा। ८—नमक। ९—घड़ी- पल में। १०—बचेगा। ११—ओट में आकर।

मानस जनम अकारथ खोवत लाज न लोक हसन की ॥
नानक हरिजसु क्यों नहीं गावतु कुमति बिनासै तनकी ॥२॥

[बंधन] **आसा महल्ला १** (इकतुकी)

गुरु सेवै सो ठाकुर जानै, दूखु मिटै सचु सबदि पछानै ॥१॥
राम जपहु मेरी सखी सखैनी, सतिगुरु सेवि देखहु प्रभु नैनी ॥ १॥ रहाउ ॥
बंधन मात पिता संसारि, बंधन सुत कन्या अरु नारि ॥२॥
बंधन करम धरम हौं कीया, बंधनु पुतु कलतु मनि बीया ॥३॥
बंधन किरखी करहिं किरसान,हौ मैं १ डंनु स हैं राजा मँगै दान॥४॥
बंधन सौदा अणवीचारी, २ तिपति नाहीं माया मोह पसारी ॥५॥
बंधन साह संचहिं धनु जाय, बिनु हरिभगति न पवई थायँ ॥६॥
बंधन बेदु ३ बादु अहंकार, बंधनि बिनसै मोह विकार ॥७॥
नानक राम-नाम सरणाई, सतिगुरि राख बंधु न पाई ॥८॥

[घट-मठ] **आसा महल्ला ३ ॥**

घरै अंदरि सभु ४ वथु है बाहरि किछु नाहीं ॥
गुरपरसादी पाईयै अंतरि ५ कपट खुलाहीं ॥१॥
सतिगुर ते हरि पाईयै भाई ॥
अंतरि नामु निधानु है पूरै सतिगुरि दीया दिखाई ॥१॥रहाउ॥
हरिका गाहकु होवै सो लये पाये रतन वीचारा ॥
अंदरि खोलै दिबदिसटि देखै मुकति भंडारा ॥२॥

१—दण्ड। २—माया-मोह के पसारे में किसी को भी तृप्ति नहीं मिल सकती। ३—वाद-विवाद करना। ४—सच्ची वस्तु। ५—अंतरके द्वार या बज्र-कपाट।

अंदरि महल अनेक हैं जीऊ करे वसेरा ॥
मनचिंदिया फलु पाइसी फिरि होय न फेरा ॥३॥
पारखियाँ वथु समालि लई गुर सोझी होई ॥
नामु पदारथु अमुॅल सा गुरमुखि पावै कोई ॥४॥
बाहरु भाले सु क्या लहै वथु घरै अंदरि भाई ॥
भरमे भूला सभु जगु फिरै मनमुखि पति गँवाई ॥५॥
घर दर छोडै आपणा पर घर झूठा जाई ॥
चोरैं वाँगू पकड़ियै बिनु नाँवै चोटां खाई ॥६॥
जिनी घर जाता आपणा से सुखिये भाई ॥
अंतरि ब्रहम पछाणिया गुरकी वडियाई ॥७॥
आपे दानु करे किस आखियै आपे देय बुझाई ॥
नानक नामु धियाय तूँ दरि सच्चै सोभा पाई ॥८॥

[उपदेश] **आसा महल्ला ३ ॥**

सतिगुर ते गुण ऊपजै जां प्रभु मेलै सोय ॥
सहजे नामु धियाईयै गियानु परगटु होय ॥१॥
ऐ मन मत जाणहिं हरि दूर है सदा वेखु हदूरि ॥
सद सुणदा सद वेखदा सबदि रहिया भरपूरि ॥१ रहाउ ॥
गुरमुखि आपु पछाणिया तिन्हीं इक मन धियाइया ॥
सदा रवहिं पिरु आपणा सच्चे नामि सुखु पाइया ॥२॥
ऐ मन तेरा को नहीं करि वेखु सबदि वीचार ॥
हरि सरणाई भजि पौ पायहिं मोखु दुआर ॥३॥
सबदि सुणियै सबदि बुझियै सचि रहै लिव लाय ॥
सबदे हौंमैं मारियै सच्चै महलि सुखु पाय ॥४॥

इस जग महिं सोभा नाम का बिनु नांवै सोभ न होय ॥
इह माया का सोभा चारि दिहाड़े जांदी बिलमु न होय ॥५॥
जिनी नामु विसारिया से मुए मरि जाहिं ॥
हरिरस सादु न आइयौ बिसटा माहिं समाहिं ॥६॥
इक आपे बखसि मिलाईयन अनदिनु नामे लाय ॥
सच्चु कमावहिं सच्चि रहहिं सच्चे सच्चि समाहिं ॥७॥
बिनु सबदै सुणियै न देखियै जग बोला अंना भरमाय ॥
बिनु नांवै दुखु पाइसी नामु मिलै तिसै रजाय ॥८॥
जिन बाणी स्यों चित्तु लाईया से जन निरमल परवाणु ॥
नानक नाम तिनाँ कदे न वीसरै सो दरि सच्चे जाणु ॥९॥

[सच्ची रहिनी] **राग आसा महल्ला १ ॥**

अनहदो अनहदु वाजै रुण-झुणकारे राम ॥
मेरा मनो मेरा मनु राता लाल पियारे राम ॥
अनदिनु राता मनु बैरागी सुंन मंडलि घरु पाया ॥
आदिपुरख अपरंपरु पियारा सतिगुरि अलख लखाया ॥
१ आसणि बैसणि थिरु नाराइण तित मनु राता वीचारे ॥
नानक नामि रते बैरागी अनहद रुण-झुणकारे ॥१॥
तित अगम तित अगमपुरे कहु कितबिधि जाईयै राम ॥
सचु संजमो सारि गुणां गुर सबदु कमाईयै राम ॥
सचु सबदु कमाईयै निजघर जाईयै पाईयै गुणीनिधाना ॥
तित साखा मूलु पत्तु नहीं डाली सिर सभनां परधाना ॥
जप तप करि करि संजम थाकी हठि २ निग्रह नहीं पाईयै ॥

१—आसणि-बैसणि अर्थात् उठक-बैठक या रहनी-सहनी। २—अर्थात् हठयोग-क्रिया।

नानक सहजि मिले जगजीवन सतिगुर बूझ बुझाईयै ॥२॥
गुरु सागरो १ रतनागरु तित रतन घणेरे राम ॥
करि मॅजनो २ सपतसरे मन निरमल मेरे राम ॥
निरमल जलि नाये जां प्रभ भाये पंच मिले वीचारे ॥
कामु करोधु कपटु बिखिया तजि सचु नामु उरधारे ॥
हौं मैं लोभ लहरि लब थाके पाये दीनदयाला ॥
नानक गुर समानि तीरथु नहीं कोई साचे गुर गोपाला ॥३॥
हौं बन बनो देखि रही तृण देखि सबाया राम ॥
त्रिभवणो तुझहिं कीया सभु जगतु सबाया राम ॥
तेरा सभु कीया तूँ थिरु थीआ तुधु समान को नाहीं ॥
तूं दाता सभ जाचिक तेरे तुधु बिनु किस सालाहीं ॥
अणमँगिया दानु दीजै दाते तेरी भगति भरे भंडारा ॥
राम-नाम बिनु मुकति न होई नानक कहै वीचारा ॥४॥

राग आसा महल्ला ३ ॥

[उपदेश] (छंत घर ३)

साजन मेरे प्रीतमहु तुम ३ सह की भगति करेहो ॥
गुरु सेवहु सदा आपणा नामु पदारथु लेहो ॥
भगति करहु तुम सहै केरी जो सह पियारे भावए ॥
आपणा भाणा तुम करहु तां फिरि सह खुसी न आवए ॥
भगति भाव इहु मारगु ४ बिखड़ा गुरदुआरे को पावए ॥
कहै नानकु जिसु करे किरपा सो हरिभगती चित्त लावए ॥१॥

१-रत्नोंकी खान । २-सत्य, संतोष, दया, धर्म, धैर्य्य, वैराग्य और ज्ञान रूपी सात तीर्थ । ३-मालिक । ४-कठिन ।

मेरे मन बैरागीया तूँ बैरागु करि किसु दिखावहिं ॥
हरि सोहिला तिन सद सदा जो हरिगुण गावहिं ॥
करि बैराग तूँ छोडि पाखंडु सो सहु सभु किछु जाणए ॥
जलि थलि महियल एको सोई गुरुमुखि हुकमु पछाणए ॥
जिनि हुकमु पछाता हरी केरा सोई सरब सुख पावए ॥
इव कहै नानकु सो बैरागी अनदिनु हरि लिव लावए ॥२॥

जहँ जहँ मन तूँ १ धाँवदा तहँ तहँ हरि तेरै नाले ॥
मन सियाणप छोडियै गुरका सबदु समाले ॥
साथि तेरै सो सहु सदा है इक खिन हरिनामु समालहे ॥
जनम जनम के तेरे पाप कटे अंति परमपदु पावहे ॥
साचे नालि तेरा २ गंढु लागै गुरमुखि सदा समाले ॥
इयों कहै नानकु जहँ मन तूँ धाँवदा तँह हरि तेरे सदा नाले ॥३॥

सतिगुरु मिलियै धावतु ३ थंमिया निजघरि वसिया आये ॥
नामु ४ विहाझै नामु लये नामि रहे समाय ॥
धावतु थंमिया सतिगुरु मिलियै दसवां द्वार पाया ॥
तिथै अंमृत भोजनु सहज धुनि उपजै जितु सबदि जगतु थंमि रहाया ॥
तहँ अनेक वाजे सदा अनहदु है सच्चे रहिया समाय ॥
इयों कहै नानकु सतिगुरु मिलियै धावतु थंमिया निजघरि वसिया आये ॥४॥

१—दौड़ता है। २—सुरति जुड़ जावेगी। ३—अपने ठिकाने पर ठहर गया। ४—नामका ही सौदा ख़रीद करे।

मन तूं जोति सरूपु हैं अपना मूल पछाणु ॥
मन हरिजी तेरै नालि है गुरमती रंगु माणु ॥
मूल पछाणहिं तां सह जाणहिं मरण जीवण की सोझी होई ॥
गुरपरसादी एको जाणहिं तां दूजा भाव न होई ॥
मन साँति आई वॅजी वधाई ताँ होआ परवाणु ॥
इयौं कहै नानकु मन तूँ जोति सरूप हैं अपणा मूल पछाणु ।५।

मन तूँ १ गारबि २ अटिया गारबि लदिया जाहिं ॥
माया मोहणी मोहिया फिरि फिरि जूनी भवाहिं ॥
गारबि लागा जाहिं मुगध मन अंति गया पछुतावहे ॥
अहंकारु तिसना रोगु लागा बिरथा जनमु गँवावहे ॥
मनमुख मुगध चेतहिं नाहीं अगै गया पछुतावए ॥
इयौं कहै नानकु मन तूँ गारबि अटिया गारबि लदिया जावहे ।६।

मन तूँ मत माण करहिं जे हौं किछु जाणदा गुरमुखि निमाणां होहु ॥
अंतरि अगियानु हौं बुद्धि है सचि सबदि मलु खोहु ॥
होहु निमाणां सतिगुरू अगै मत किछु आपु लखावहे ॥
आपणे अहंकारि जगत जलिया मत तूँ आपणा आपु गँवावहे ।
सतिगुर कै भाणै करहिं कार सतिगुर कै भाणै लागि रहु ॥
इयौं कहै नानकु आपु छडि सुख पावहिं मन निमाणां होय रहु ।।७।।

धंनु सुवेला जित मैं सतिगुरु मिलिया सो सहु चिति आइया ॥
महा अनंदु सहजु भया मनि तनि सुख पाइया ॥

१—अहंकार से । २—भरा हुआ है ।

सो सहु चित्ति आया मंनि वसाया अवगणि सभि विसारे ॥
जां तिस भाणा गुण परगट होये सतिगुर आपि सँवारे ॥
सो जन परवाणु होये जिनीं इक नामु दिढ़िया दुतिया भाव चुकाया ।
इयों कहै नानकु धंन सुवेला जित मैं सतिगुरु मिलिया सो सहु चित्ति आया ॥८॥

राग आसा की वार

[गुरु] (महल्ला २)

जे सौ चंदा ऊगवहि सूरज चढ़हिं हज़ार ॥
एते चानण होंदियाँ गुर बिनु घोर अंधारु ॥२॥

[सतगुरु] महला १ (पौड़ी)

बिनु सतिगुर किनै न पाईयो बिनु सतिगुर किनै न पाया ॥
सतिगुर विचि आपु रखियोन करि परगटु आखि सुणाया ॥
सतिगुर मिलियै सदा मुकतु है जिनि विचहुँ मोहु चुकाया ॥
उत्तमु एहु बीचारु है जिनि सच्चै स्यों चित्त लाया ॥
जगजीवन दाता पाया ॥ ६ ॥

[विद्या] सलोकु महला १ ॥

पढ़ि पढ़ि गॅडी लदियहिं पढ़ि पढ़ि भरियहिं साथ ॥
पढ़ि पढ़ि बेड़ी पाईयै पढ़ि पढ़ि गडियहिं खात ॥
पढ़ियहिं जेते बरस बरस पढ़ियहिं जेते मास ॥
पढ़ियै जेती आरजा पढ़ियहिं जेते सास ॥
नानक लेखै इक गॅल होर हौमैं झखणा-झाख ॥१॥

[झूठ] **सलोक महला १ ॥**

कूड़ राजा कूड़ परजा कूड़ सभ संसारु ॥
कूड़ मंडप कूड़ माड़ी कूड़ बैसणहारु ॥
कूड़ सोइना कूड़ रुपा कूड़ पैनणहारु ॥
कूड़ काया कूड़ कपड़ कूड़ रूप अपारु ॥
कूड़ मीयाँ कूड़ बीबी खपि होये १खारु ॥
कूड़ कूड़ै नेहु लगा विसरिया करतारु ॥
किसु नालि कीचै दोसती सभु जग चालणहारु ॥
कूड़ मिठा कूड़ माखियों कूड़ डोबे २पूर ॥
नानकु वखाणै बेनती तुधु बाझु कूड़ो कूड़ ॥१॥

१—खुआर। २—झूठे नेह में लगकर पूरी तरह डूब गये।

राग गूजरी महल्ला ५ ॥

[मन-मति] (चौपदे घरु २)

किरियाचार करहिं खटु करमां इत राते संसारी ॥
अंतरि मैलु न उतरै हौंमैं बिनु गुर बाजी हारी ॥१॥
मेरे ठाकुर रखि लेवहु किरपा धारी ॥
कोटि मॅधे को विरला सेवकु होर सगले बियोहारी ॥१ रहाउ ॥
सासत बेद सिमृति सभि सोधे सभ एका बात पुकारी ॥
बिनु गुर मुकति न कोऊ पावै मनि वेखहु करि बीचारी ॥२॥
अठसठि मॅजनु करि इसनाना भ्रमि आये १ धर सारी ॥
अनिक सोच करहिं दिन राती बिनु सतिगुर अंधियारी ॥३॥
धावत धावत सभु जगु धायो अब आये हरि द्वारी ॥
दुरमति मेटि बुद्धि परगासी जन नानक गुरमुखि तारी ॥४॥

[परिचय] गूजरी महल्ला ५ ॥

दिनु राती आराधहु पियारो निमख न कीजै ढीला ॥
संत सेवा करि भावनी लाईयै तियागि मान हाठीला ॥१॥
मोहन प्रान मान रांगीला ॥
बासि रहियौ हियरे कै संगे पेखि मोहियो मनु लीला ॥१रहाउ॥
जिसु सिमरत मनि होत अनंदा उतरै मनहुँ २ जंगीला ॥
मिलबे की महिमा बरनि न साकौं नानक परै परीला ॥२॥

१--सारी पृथ्वी । २--मलिनता का ज़ंग ।

राग गूजरी वार महला ५ ॥

[अनन्य] सलोक महला ५ ॥

अंतरि गुरु आराधणा जिहवा जपि गुरु नाउँ ॥
नेत्रीं सतिगुरु पेखणा स्रवणी सुनणा गुरु नाउँ ॥
सतिगुर सेती रत्तियाँ दरगह पाईयै ठाउँ ॥
कहु नानक किरपा करे जिसनों एह वथु देय ॥
जग महिं ऊत्तम काढियाहिं विरले केई केय ॥१॥

[जीवनमुक्त] पौड़ी ॥

सो मुकता संसार जि गुर उपदेसिया ॥
तिसकी गई १ बिलाय मिटे अंदेसिया ॥
तिसका दरसनु देखि जगतु निहालु होय ॥
जन कै संगि निहालु पापां मैलु धोय ॥
अंमृत साचा नाउँ ओथै जापियै ॥
मन कौ होय संतोखु भुखां ध्रापियै ॥
जिसु घटि वसिया नाउँ तिसु बंधन काटियै ॥
गुरपरसादि किनै विरलै हरिधनु खाटियै ॥५॥

[उपदेश] पौड़ी ॥

जीअकी २ बिरथा होय सो गुर पहिं अरदासि करि ॥
छोडि सियाणप सगल मनु तनु अरपि धरि ॥
पूजहु गुर के पैर दुरमति जाय जरि ॥
साध जनां कै संगि भवजलु बिखमु तरि ॥

१—दुःख-रोग आदि सब बला टल गई । २—हृदयका दुःख ।

सेवहु सतिगुरुदेव अगै न मरहु डरि ॥
खिन महिं करे निहालु ऊणे १ सुभर भरि ॥
मन कौ होय संतोखु धियाईयै सदा हरि ॥
सो लगा सतिगुर सेव जाकौ करमु धुरि ॥६॥

[दाति] **सलोक महल्ला ५ ॥**

प्रेम २ पटोला तैं सहि दित्ता ढकन कूँ पति मेरी ॥
दाना बीना साईं मैंडा नानक सार न जाणां तेरी ॥१॥

[सच्चे-मित्र] **महल्ला ५ ॥**

जिन्हां दिसंदड़ियाँ दुरमति ३ वंञै मित्र असाडड़े सेई ॥
हौं ढूँढेंदी जगु सबाया जन नानक विरले केई ॥२॥

[संग] **महल्ला ५ ॥**

सच्ची बैसक तिनां संगि जिन संगि जपियै नाउँ ॥
तिन संगि संगु न कीचई नानक जिन्हाँ आपणा ४ सुआउ ॥२॥

[प्रिय-मिलन] **महल्ला ५ ॥**

पिरीं मिलावा जां थियै साई सुहावी रुति ॥
घड़ी ५ मुहतु नहँ वीसरै नानक रवियै नित ॥२॥

[सतगुरु] **महल्ला ५ ॥**

नानक सतिगुरि भेंटियै पूरी होवै जुगति ॥
हसंदियाँ खेलंदियाँ पैनंदियाँ खावंदियाँ विचे होवै मुकति ॥२॥

१–सतगुरु खाली सरोवर को भर देनेवाले हैं अर्थात् जीवके अंतर में प्रेमाभक्ति भर देते हैं। २–वस्त्र। ३–दूर होवै। ४–स्वार्थ। ५–पल-क्षण।

[अपवित्र जीवन] **महल्ला ५ ॥**

खांदियाँ खांदियाँ मुंह १ घॅठा पैनंदियाँ सभु अंग ॥
नानक धृगु तिनां दा जीविया जिन्ह सचि न लगो रंगु ।२।

सलोक महल्ला ५ ॥

जीवंदियाँ न चेतियो मुआ रलंदड़ो खाक ॥
नानक दुनिया संगि गुदारिया साकत मूढ़ नपाक ॥१॥

[धन्य-जीवन] **महल्ला ५ ॥**

जीवंदियाँ हरि चेतिया मरंदियाँ हरि-रंगि ॥
जनम पदारथु तारिया नानक साधू-संगि ॥२॥

[नाम-विहीन] **महल्ला ५ ॥**

कोटि बिघन तिसु लागते जिसनों विसरै नाउँ ॥
नानक अनदिनु बिलपते ज्यों २ सुंञै घरि काउँ ॥२॥

१--घिस गया । २--वीरान ।

राग देवगंधारी

[गुरुमहिमा] **महल्ला ५** (घरु २)

माई गुरचरणी चितु लाईऐ ॥
प्रभु होय कृपाल कमल परगासे सदा सदा हरि धियाईऐ ॥१रहाउ॥
अंतरि एको बाहरि एको सभ महिं एकु समाईऐ ॥
घटि अवघटि रविया सभ ठाईं हरि पूरन ब्रह्मु दिखाईऐ ॥१॥
उसतति करहिं सेवक मुनि केते तेरा अंत न कतहुँ पाईऐ ॥
सुखदाते दुखभंजन सुआमी जन नानक सद बलि जाईऐ ॥२॥

[गुरु-शरण] **देवगंधारी महल्ला ५ ॥**

सरब सुखा गुरचरना ॥
कलिमल डारन मनहिं सधारन इह आसर मोहि तरना ॥१रहाउ॥
पूजा अरचा सेवा बंदन इहै टहल मोहि करना ॥
बिगसै मनु होवै परगासा बहुरि न गरभै परना ॥१॥
सफल मूरति परसौं संतन की इहै धियाना धरना ॥
भयौ कृपाल ठाकुरु नानक कौ परियौ साधकी सरना ॥२॥

[गुरु चरण] **देवगंधारी महल्ला ५ ॥**

गुर के चरन रिदै परवेसा ॥
रोग सोग सभि दूख बिनासे उतरे सगल कलेसा ॥१॥ रहाउ ॥
जन्म जन्म के किलविख नासहिं कोटि मॅजन इसनाना ॥
नामु निधानु गावत गुण गोबिंद लागो सहजि धियाना ॥१॥

करि किरपा अपुना दास कीन्हो बंधन तोरि निरारे ॥
जपि जपि नामु जीवां तेरी बाणी नानकदास बलिहारे ॥२॥

[मनोरथ] **देवगंधारी महल्ला ५ ॥**

प्रभ इहै मनोरथु मेरा ॥
कृपानिधान दयाल मोहि दीजै करि संतन का चेरा ॥१रहाउ॥
प्रातह्‌ःकाल लागौं जन चरनी १ निसबासुर दरसु पावौं ॥
तनु मनु अरपि करौं जन सेवा रसना हरिगुन गावौं ॥१॥
सासि सासि सिमरौं प्रभु अपुना संतसंगि नित रहियैं ॥
एकु अधारु नामु-धनु मेरा अनंदु नानक इहु लहियै ॥२॥

[वैराग्य] **देवगंधारी महल्ला ९ ॥**

सभ किछु जीवत को बिवहार ॥
मात पिता भाई सुत बंधप अरु फुनि गृह की नारि ॥१॥रहाउ॥
तन ते प्रान होत जब नियारे टेरत प्रेत पुकारि ॥
आध घरी कोऊ नहिं राखै घरि ते देत निकारि ॥१॥
मृगत्रिसना ज्यौं जग रचना यह देखहु रिदै बिचारि ॥
कहु नानक भजु राम-नाम नित जाते होत उद्धार ॥२॥

१—रात-दिन ।

राग बिहागड़े की वार महल्ला ४ ॥

[निर्भय] महल्ला ३ ॥

तिन भौ संसा क्या करे जिनि सतिगुरु सिर करतारु ॥
धुरि तिनकी पैज रखदा आपे रखणहारु ॥
मिलि प्रीतम सुखु पाईया सच्चै सबदि वीचारि ॥
नानक सुखदाता सेविया आपे रखणहारु ॥२॥

[बंधन] सलोक महल्ला ३ ॥

करम धरम सभि बंधना पाप पुंन सनबंधु ॥
ममता मोहु सुबंधना पुत्र कलत्र सुधंधु ॥
जहँ देखां तहँ जेवरी माया का सनबंधु ॥
नानक सच्चे नाम बिनु वरतणि वरतै अंधु ॥१॥

सलोक महल्ला ४ ॥

बिन सतिगुर सेवे जीअके बंधना जेते करम कमाहिं ॥
बिनु सतिगुर सेवे ठवर न पावहीं मरि जंमहिं आवहिं जाहिं ॥
बिनु सतिगुर सेवे फिका बोलणा नामु न वसै मनि आय ॥
नानक बिनु सतिगुर सेवे जमपुरि बँधे मारियहिं मुहिं काले उठि जाहिं ॥१॥

[तृप्ति] महल्ला ३ ॥

प्रिउ प्रिउ करती सभु जगु फिरी मेरी पियास न जाय ॥
नानक सतिगुर मिलिये मेरी पियास गई पिरु पाया घरि आय ॥२॥

[उपदेश] **महल्ला ३ ॥**

सतिगुरु फ़ुरमाइया १ कारी एह करेहु ॥
गुरुद्वारे होय कै साहिब संमालेहु ॥
साहिबु सदा हजूरि है भरमे के २ छोड़ कटिकै अंतरि जोति धरेहु ॥
हरि का नामु अंमृत है ३ दारू एहु लायेहु ॥
सतिगुर का भाणा चिति रखहु संजमु सच्चा नेहु ॥
नानक एथै सुखै अंदरि रखसी अगै हरि स्यों केलि करेहु ॥२॥

राग वडहंस

[निर्मल] **राग वडहंस महल्ला ३** (घरु १)

मन मैलै सभ किछु मैला तनि धोतै मनु हछा न होय ॥
इहु जगतु भरमि भुलाईया विरला बूझै कोय ॥१॥
जपि मन मेरे तूँ एको नामु ॥
सतगुरि दीया मोकौ एहु निधानु ॥ १ ॥ रहाउ ॥
सिद्धां के आसण जे सिखै इंद्री वसि करि कमाय ॥
मनकी मैलु न ऊतरै हौंमैं मैलु न जाय ॥२॥
इसु मन कौ होर संजमु को नाहीं विणु सतिगुर की सरणाय ॥
सतगुरि मिलियै उलटी भई कहणा किछू न जाय ॥३॥
भणति नानकु सतिगुर कौ मिलदो मरै गुरकै सबदि फिरि जीवै कोय ॥ ममता की मलु ऊतरै इहु मनु हछा होय ॥४॥

१—कारज । २—परदे । ३—इलाज (भाव जतन-साधन अथवा उपाय) ।

[दयादृष्टि] **वडहंस महल्ला ३ ॥**

नदरी सतगुर सेवियै नदरी सेवा होय ॥
नदरी इह मनु वसि आवै नदरी मनु निरमलु होय ॥१॥
मेरे मन चेति सच्चा सोय ॥
एको चेतहिं तां सुख पावहिं फिरि दूख न मूले होय ॥१॥रहाउ॥
नदरी मरिकै जीवियै नदरी सबद वसै मनि आय ॥
नदरी हुकमु बुझियै हुकमे रहै समाय ॥२॥
जिनि जिहवा हरिरसु न चखियो सा जिहवा जलि जाउ ॥
अनरस सादे लगि रही दुखु पाया दूजै भाय ॥३॥
सभनां नदरि एक है आपे फरकु करेय ॥
नानक सतगुरि मिलियै फलु पाइया नामु वडाई देय ॥४॥

(हौंमैं) **वडहंस महल्ला ३ ॥**

हौंमैं नाँवै नाल विरोध है दोय न वसहिं इक ठाँय ॥
हौंमै विच सेवा न होवई तां मनु बिरथा जाय ॥१॥
हरि चेति मन मेरे तूं गुरका सबदु कमाय ॥
हुकमि मंनहिं तां हरि मिलै तां विचहुँ हौंमैं जाय ॥१रहाउ॥
हौंमैं सभु सरीर है हौंमैं ओपति होय ॥
हौंमैं वॅडा गुबारु है हौंमैं विचि बुझि न सकै कोय ॥२॥
हौंमैं विचि भगति न होवई हुकमु न बुझिया जाय ॥
हौंमैं विचि जीऊ बंधु है नामु न वसै मनि आय ॥३॥
नानक सतगुरि मिलियै हौंमैं गई तां सचु वसिया मनि आय ॥
सचु कमावै सचि रहै सच्चे सेवि समाय ॥४॥

(गुरमहिमा) **वडहंस महल्ला ५ ॥**

धनु सुवेला जितु दरसन करणा, हौं बलिहारी सतिगुर चरणा ।१।
जीअके दाते प्रीतम प्रभ मेरे, मनु जीवै प्रभ नामु चितेरे ॥१ रहाउ॥
सचु मंत्र तुमारा अंमृत बाणी, सीतल पुरख द्रसटि सुजाणी।२।
सचु हुकमु तुमारा तखति निवासी, आय न जाय मेरा प्रभु अबिनासी ॥३॥
तुम मिहरवान दास हम दीना, नानक साहिबु भरपुरि लीणा ।४।

[सतगुरु-महिमा] **वडहंस महल्ला ४** (छंत)

मेरै मनि मेरै मनि सतिगुरि प्रीति लगाई राम ॥
हरि हरि हरि हरि नामु मेरै मंनि वसाई राम ॥
हरि हरि नामु मेरै मनि वसाई सभि दूख विसारणहारा ॥
वडभागी गुरदरसनु पाया धनु धनु सतगुरू हमारा ॥
ऊठत बैठत सतिगुरु सेवहिं जितु सेवियै सांति पाई ॥
मेरै मनि मेरै मनि सतिगुर प्रीति लगाई ॥१॥

हौं जीवां हौं जीवां सतिगुर देखि सरसे राम ॥
हरिनामो हरिनामु द्रढ़ाये जपि हरि हरि नामु विगसे राम ॥
जपि हरि हरि नामु कमल परगासे हरिनामु नवैनिधि पाई ॥
हौमैं रोगु गया दुखु लाथा हरि सहजि समाधि लगाई ॥
हरिनामु वडाई सतिगुर ते पाई सुखु सतगुरदेव मनु परसे ॥
हौं जीवां हौं जीवां सतिगुर देखि सरसे ॥२॥

कोई आणि कोई आणि मिलावै मेरा सतगुरु पूरा राम ॥
हौं मनु तनु हौं मनु तनु देवां तिसु काटि सरीरा राम ॥

हौं मनु तनु काटि काटि तिसु देई जो सतिगुर बचन सुणाये ॥
मेरै मनि बैरागु भया बैरागी मिलि गुरदरसनि सुखु पाये ॥
हरि हरि कृपा करहु सुखदाते देहु सतिगुर चरन हम धूरा ॥
कोई आणि कोई आणि मिलावै मेरा सतगुरु पूरा ॥३॥
गुर जेवडु गुर जेवडु दाता मैं अवरु न कोई राम ॥
हरि दानो हरि दानु देवै हरि पुरखु निरंजनु सोई राम ॥
हरि हरि नामु जिनीं अराधिया तिनका दुखु भरम भौ भागा ॥
सेवक भाय मिले वडभागी जिन गुरचनी मनु लागा ॥
कहु नानक हरि आपि मिलाये मिलि सतिगुर पुरख सुखु होई॥
गुर जेवडु गुर जेवडु दाता मैं अवरु न कोई ॥४॥

राग वडहंस की वार महल्ला ४ ॥

[मनमुख] महल्ला ३ ॥

सतिगुर का सेव न कानियां हरिनामु न लगो पियारु ॥
मत तुम जाणहु ओय जीवंदे ओय आपि मारे करतारि ॥
हौं मैं वॅडा रोगु है भाय दूजे करम कमाय ॥
नानक मनमुखि जीवंदियां मुए हरि विसरिया दुख पाय ॥२॥

[बंधन] सलोक महल्ला ३ ॥

बिनु सतिगुर सेवे जीअके बंधना विचि हौं मैं करम कमाहिं ॥
बिनु सतिगुर सेवे ठौरु न पावहीं मरि जंमहि आवहिं जाहिं ॥
बिनु सतिगुर सेवे फिॅका बोलणा नामु न वसै मनि माहिं ॥
नानकबिनु सतिगुरसेवे जमपुरिबॅधे मारियहिं मुहिं काले उठिजाहिं १

[मनमुख] सलोक महल्ला ३ ॥

सतिगुर की परताति न आईया सबदि न लागो भाव ॥

उसनों सुखु न ऊपजै भावैं सौ १ गेड़ा आवौ जाव ॥
नानक गुरमुखि सहजि मिल सच्चे स्यों लिव लाव ॥१॥

[गुरुमुख] सलोकु महल्ला ३ ॥

जिनकौं सतिगुरु भेटिया से हरि २ कीरति सदा कमाहिं ॥
अचिंतु हरिनामु तिनकै मनि वसिया सच्चै सबदि समाहिं ॥
कुलु उद्धारहिं आपणा मोख पदवी आपे पाहिं ॥
पारब्रह्मु तिनकौं ३ संतुसटु भया जो गुरचरनी जन पाहिं ॥
जनु नानकु हरि का दासु है करि किरपा हरि लाज रखाहिं ॥१॥

[गुरुमुख] महल्ला ३ ॥

इको सतिगुरु जागता होरु जगु सूता ४ मोहि पियासि ॥
सतिगुरु सेवनि जागंनि से जो रत्ते सच्चि नामि ५ गुणतासि ॥
मनमुखि अंधु न चेतनी जनमि मरि होहिं बिनासि ॥
नानक गुरमुखि तिनी नामु धियाइया जिनकौं धुरि पूरबि लिखियासि ॥२॥

[गुरुमुख] सलोकु महल्ला ३ ॥

सतिगुर नों सभको वेखदा जेता जगतु संसारु ॥
डिठे मुकति न होवई जिचरु सबदि न करे वीचारु ॥
हौंमैं मैलु न चुकई नामि न लगै पियारु ॥
इक आपे बखसि मिलाइयनु दुबिधा तजि विकार ॥
नानक इक दरसनु देखि मरि मिले सतिगुर हेति पियारि ॥१॥

१—चाहे सौ बार जन्म धारण करे। २—नाम-भजन की कमाई। ३—मालिक उन जीवोंपर प्रसन्न होता है। ४—मोह-ममता की तृष्णा में लगकर। ५—गुणनिधान।

राग सोरठ

[भक्ति] सोरठ महल्ला ३ (घरु १)

भगति खजाना भगतन कौ दीया नाँउ हरिधनु सचु सोय ॥
अखुटु नामधनु कदे १ निखुटै नाहीं किनै न कीमति होय ॥
नामधनि मुख ऊजले होये हरि पाया सचु सोय ॥१॥
मन मेरे गुरसबदी हरि पाया जाय ॥
बिनु सबदै जगु भुलदा फिरदा दरगह मिलै सजाय ॥रहाउ॥
इसु देही अंदरि पंच चोर वसहिं कामु क्रोधु लोभु मोहु अहंकारा ॥
अंमृत लूटहिं मनमुख नहीं बूझहिं कोय न सुणै पुकारा ॥
अंधा जगतु अंधु वरतारा बाझु गुरू गुबारा ॥२॥
हौंमैं मेरा करि करि २ विगुते किहु चल न चलदियाँ नालि ॥
गुरमुखि होवै सो नामु धियावै सदा हरिनामु समालि ॥
सच्ची बाणी हरि गुण गावै नदरी नदरि निहालि ॥३॥
सतिगुर गियानु सदा घटि चानणु अमरु सिरि बादिसाहा ॥
अनदिनु भगति करहिं दिनु राती रामनामु सचु लाहा ॥
नानक रामनामि निसतारा सबदि रत्ते हरि पाहा ॥४॥

[उपदेश] सोरठ महल्ला ३ ॥

सो सिखु सखा बंधपु है भाई जे गुरके भाणे विचि आवै ॥
आपणै भाणै जो चलै भाई विछुड़ि चोटां खावै ॥
बिनु सतिगुर सुख कदे न पावै भाई फिरि फिरि पछोतावै ॥१॥
हरिके दास सुहेले भाई ॥

१—खतम होवै या नष्ट होवै। २—लूटे गये।

जनम जनम के किलविख दुख काटे आपे मेलि मिलाई ॥ रहाउ ॥
इहु कुटंबु सभु जीअके बंधन भाई भरमि भुला सैंसारा ॥
बिनु गुर बंधन टूटहिं नाहीं गुरमुखि मोख दुआरा ॥
करम करहिं गुर सबदु न पछाणहिं मरि जनमहिं वारोवारा ॥२॥
हौं मेरा जगु १पलचि रहिया भाई कोय न किसही केरा ॥
गुरमुखि महलु पाइनि गुण गावनि निजघरि होय बसेरा ॥
ऐथै बूझै सो आपु पछाणै हरि प्रभु है तिसु केरा ॥३॥
सतिगुरू सदा दयालु है भाई विणु भागां क्या पाईयै ॥
एक नदरि करि वेखै सभ ऊपरि जेहा भाव तेहा फलु पाईयै ॥
नानक नामु वसै मन अंतरि विचहुँ आपु गँवाईयै ॥४॥

[सतगुरु] **सोरठ महल्ला ३** (घरु १)

सतिगुरु सुखसागरु जग अंतरि होर थैं सुखु नाहीं ॥
हौं मैं जगतु दुखि रोगि वियापिया मरि जनमै रोवै २धाहीं ॥१॥
प्राणी सतिगुरु सेवि सुखु पाय ॥ सतिगुरु सेवहिं तां सुखु पावहिं नाहिं तां जाहिंगा जनमु गँवाय ॥ रहाउ ॥
त्रैगुण ३ धातु बहु करम कमावहिं हरिरस सादु न आया ॥
संधिया तरपणु करहिं गाइत्री बिनु बूझै दुखु पाया ॥
सतिगुरु सेवै सो वडभागी जिसनों आपि मिलाये ॥
हरिरसु पी जन सदा तृपतासे विचहुँ आपु गँवाये ॥३॥
इहु जगु अंधा सभु अंधु कमावै बिनु गुर मगु न पाये ॥
नानक सतिगुरु मिलै त अखीं वेखै घरै अंदरि सचु पाये ॥४॥

१—खप रहा है। २—विलाप करके रोता है। ३—तीन गुणों अर्थात् सत्-रज और तम के आधीन होकर।

[गुरुमुख] **सोरठ महल्ला ३** (चौतुके)

सच्ची भगति सतिगुर ते होवै सच्चा हिरदै बाणी ॥
सतिगुरु सेवे सदा सुख पाये हौंमैं सबदि समाणी ॥
बिनु गुर साचे भगति न होवी होर भूली फिरै सिथाणी ॥
मनमुखि फिरहिं सदा दुख पावहिं डूबि मुए विणु पाणी ॥१॥
भाई रे सदा रहहु सरणाई ॥ आपणी नदरि करे पति राखै हरि नामो दे वडियाई ॥ रहाउ ॥
पूरे गुर ते आपु पछाता सबदि सच्चै वीचारा ॥
हिरदै जगजीवन सद वसिया तजि कामु क्रोधु अहंकारा ॥
सदा हजूरि रविया सभ ठाईं हिरदै नामु अपारा ॥
जुगि जुगि बाणी सबदि पछाणी नाउँ मीठा मनहिं पियारा ॥२॥
सतिगुरु सेवि जिनि नामु पछाता सफल जनमु जगि आया ॥
हरिरसु चाखि सदा मनु त्रिपतिया गुण गावै गुणी १अघाया ॥
कमलु प्रगासि सदा रंगि राता अनहद सबदु वजाया ॥
तनु मनु निरमलु निरमलु बाणी सच्चे साचि समाया ॥३॥
राम नाम की गति कोय न बूझै गुरमति रिदै समाई ॥
गुरमुखि होवै सो २मगु पछाणै हरिरस रसन रसाई ॥
जपु तपु संजम सभु गुर ते होवै हिरदै नामु वसाई ॥
नानक नामु समालहिं से जन सोहनि दरि साचै पति पाई ॥४॥

[संत महिमा] **सोरठ महल्ला ५** (दुतुके)

तन संतन का धनु संतन का मनु संतन का कीया ॥
संतप्रसादि हरिनामु धियाया सरब कुसल तब थीआ ॥१॥

१—तृप्त हो गया। २—मार्ग या रासता।

संतन बिनु अवरु न दाता बीआ ॥
जो जो सरणि परै साधू की सो पारगरामी कीया ॥ रहाउ ॥
कोटि पराध मिटहिं जन सेवा हरिकीरतनु रसि गाईयै ॥
इहाँ सुखु आगै मुख ऊजल जन का संगु वडभागी पाईयै ॥२॥
रसना एक अनेक गुण पूरन जनकी केतक उपमा कहियै ॥
अगम अगोचर सद अबिनासी सरणि संतनकी लहियै ॥३॥
निरगुन नीच अनाथ अपराधी ओट संतन की आही ॥
बूडत मोह गृह अंधकूप महिं नानक लेहु निबाही ॥४॥

[संत-शरण] **सोरठ महल्ला ५** (घरु २ चौपदे)

हम संतन की १ रेन पियारे हम संतन की सरणा ॥
संत हमारी ओट २ सताणी संत हमारा गहणा ॥१॥
हम संतन स्यों बणि आई ॥ पूरबि लिखिया पाई ॥
इहु मनु तेरा भाई ॥ रहाउ ॥
संतन स्यों मेरी ३ लेवादेवी संतन स्यों बियोहारा ॥
संतन स्यों हम लाहा खाटिया हरिभगति भरे भंडारा ॥२॥
संतन मोकौ पूँजी सौंपी तौ उतरिया मनका धोखा ॥
धरमराय अब कहा करैगो जौ फाटियो सगलो लेखा ॥३॥
महा अनंद भये सुखु पाया संतन कै परसादे ॥
कहु नानक हरि स्यों मनु मानिया रंगि रते बिसमादे ॥४॥

[विनय] **सोरठ महल्ला ५** (घरु २ दुपदे)

काम क्रोध लोभ झूठ निंदा इनते आपि छडावहु ॥
इह भीतर ते इनकौ डारहु आपन निकटि बुलावहु ॥१॥

१- चरण-धूरि । २--आसरा । ३--लेन-देन या व्यवहार ।

अपुनी बिधि आपि जनावहु। हरिजन मंगल गावहुँ ॥१॥ रहाउ ॥
बिसरु नाहीं कबहूँ हिये ते इहबिधि मन महिं पावहुँ ॥
गुरु पूरा भेटियो वडभागी जन नानक कतहिं न धावहुँ ॥२॥

[चेतावनी] **राग सोरठ महल्ला ९ ॥**

रे मन राम स्यौं करि प्रीति ॥
स्रवन गोविंद गुनु सुनौ अरु गाओ रसना गीत ॥१॥ रहाउ ॥
करि साधसंगति सिमरु माधो होहिं पतित पुनीत ॥
कालु १बिआलु ज्यौं परियो डोलै मुखु पसारे मीत ॥१॥
आजु कालि फुनि तोहि ग्रसिहै समझि राखौ चीति ॥
कहै नानकु रामु भजि लै जातु औसर बीत ॥ २॥

[चेतावनी] **सोरठ महल्ला ९ ॥**

मनकी मनही माहिं रही ॥
ना हरि भजे न तीरथ सेवे चोटी कालि गही ॥१॥ रहाउ ॥
दारा मीत पूत रथ संपति धन पूरन सभु मही ॥
अवर सगल मिथिया ए जानौ भजनु राम को सही ॥१॥
फिरत फिरत बहुते जुग हारियो मानस देह लही ॥
नानक कहत मिलनकी बरिया सिमरत कहा नहीं ॥२॥

[नाम-महिमा] **सोरठ महल्ला ९ ॥**

मन रे प्रभकी सरनि बिचारो ॥
जिह सिमरत गनका सी उद्धरी ताको जसु उर धारो ॥१॥ रहाउ ॥
अटल भयौ ध्रूअ जाकै सिमरनि अरु निरभै पद पाया ॥

१--अजगर।

दुखहरता इहबिधि को सुआमी तैं काहे बिसराया ॥१॥
जबही सरनि गही किरपानिधि गज गराह ते छूटा ॥
महिमा नाम कहाँलौं बरनौं राम कहत बंधन तिह तूटा ॥२॥
अजामलु पापी जगु जाने निमख माहिं निसतारा ॥
नानक कहत चेत चिंतामनि तैं भी उतरहिं पारा ॥३॥

[विनय] **सोरठ महल्ला ९ ॥**

माई मैं केहिबिधि लखउँ गुसाईं ॥
महामोह अगियान तिमिर मो मनु रहियो उरझाई ॥ १ रहाउ ॥
सगल जनम भरम ही भरम खोयौ नहँ असथिरु मति पाई ॥
बिखियासक्त रहियो निसबासुर नहँ छूटी अधमाई ॥१॥
साधसंगु कबहूँ नहीं कीना नहँ कीरति प्रभ गाई ॥
जन नानक मैं नाहिं कोऊ गुन राखि लेहु सरनाई ॥२॥

[चेतावनी] **सोरठ महल्ला ९ ॥**

रे नर इह साची जीअ धारि ॥
सगल जगतु है जैसे सुपना बिनसत लगत न १बार ॥१रहाउ॥
२बारू भीति बनाई ३रचि पचि रहत नहीं दिन चारि ॥
तैसे ही इह सुख माया के उरझियो कहा गँवार ॥१॥
अजहूँ समझि कछु बिगरियो नाहिन भजि ले नामु मुरारि ॥
कहु नानक निजमत साधन कौ भाखियो तोहि पुकारि ॥२॥

[चेतावनी] **सोरठ महल्ला ९ ॥**

इह जगि मीत न देखियो कोई ॥

१—देर। २—रेत की दीवार। ३—मिहनत करके।

सगल जगतु अपनै सुख लागियो दुख मैं संगि न होई ॥१ रहाउ॥
दारा मीत पूत सनबंधी सगरे धन स्यौं लागे ॥
जबही निरधन देखियो नरको संग छाडि सभ भागे ॥१॥
कहौं कहा या मन बौरे को इन स्यौं नेहु लागायो ॥
दीनानाथ सगल भैभंजन जसु ताको बिसरायो ॥२॥
१ सुआन पूछ ज्यौं भयो न २ सूधो बहुतु जतनु मैं कीनो ॥
नानक लाज बिरदकी राखहु नामु तुम्हारो लीनो ॥३॥

[जीवनमुक्त] सोरठ महल्ला ६ ॥

जो नरु दुख मैं दुखु नहीं मानै ॥
सुख सनेह अरु भै नहीं जाकै कंचन माटी मानै ॥१ रहाउ॥
नहँ निंदिया नहँ उसतति जाकै लोभु मोहु अभिमाना ॥
हरख सोग ते रहै नियारो नाहिं मान अपमाना ॥१॥
आसा मनसा सगल तियागै जग ते रहै निरासा ॥
कामु क्रोधु जिह ३ परसै नाहनि तिह घट ब्रहमु निवासा ॥२॥
गुर किरपा जिह नर को कीनी तिह इह जुगति पछानी ॥
नानक लीन भयो गोबिंद स्यौं ज्यौ पानी संगि पानी ॥३॥

[चेतावनी] सोरठ महल्ला ६ ॥

प्रीतम जानि लेहु मन माहीं ॥
अपने सुख स्यौं ही जगु फांधियो को काहू को नाहीं ॥१ रहाउ॥
सुख मैं आनि बहुतु मिलि बैठत रहत चहूँदिसि घेरै ॥
बिपति परी सभही संगु छाडित कोऊ न आवत नेरै ॥१॥
घरकी नारि बहतु हितु जास्यौं सदा रहत संग लागी ॥

१—कुत्तेकी पूँछकी तरह। २—सीधा। ३—छुवै।

जबही हंस तजी इह काया प्रेत प्रेत करि भागी ॥२॥
इहबिधि को बियोहारु बनियो है जास्यौं नेहु लगायौ ॥
अंति बार नानक बिन हरिजी कोऊ कामि न आयौ ॥३॥

[गुरुकृपा] सोरठ महल्ला ३ (दुतुकी)

निगुणियाँनों आपे बखसि लये भाई सतिगुर की सेवा लाये ॥
सतिगुर की सेवा ऊतम है भाई रामनामि चित्तु लाये ॥१॥
हरिजीउ आपे बखसि मिलाय ॥
गुणहीण हम अपराधी भाई पूरै सतिगुरि लये रलाय ॥ १रहाउ ॥
कौण कौण अपराधी बखसियन पियारे साचै सबदि वीचारि ॥
भौजलु पारि उतारियन भाई सतिगुर बेड़ै चाड़ि ॥२॥
१ मनूरै ते कंचन भये भाई गुरु पारसु मेलि मिलाय ॥
आपु छोडि नाउँ मनि वसिया भाई जोती जोति मिलाय ॥३॥
हौं वारी हौं वारणै भाई सतिगुर कौ सद बलहारै जाउँ ॥
नामु निधानु जिनि दित्ता भाई गुरमति सहजे समाउँ ॥४॥
गुर बिनु सहजु न ऊपजै भाई पूछहु गियानियाँ जाय ॥
सतिगुर की सेवा सदा करि भाई विचहुँ आपु गँवाय ॥५॥
गुरमती भौ ऊपजै भाई भौ करणी सचु सार ॥
प्रेम पदारथु पाईयै भाई सचु नामु आधारु ॥६॥
जो सतिगुर सेवहिं आपणा भाई तिनकै हौं लागौं पाय ॥
जनम सँवारीं आपणा भाई कुल भी लईं बखसाय ॥७॥
सचु बाणी सचु सबदु है भाई गुर किरपा ते होय ॥
नानक नामु हरि मनि वसै भाई तिसु बिघनु न लागै कोय ॥८॥

१—लोहा ।

राग सोरठ वार महले ४ की

[माया] **सलोक महल्ला ३ ॥**

माया ममता मोहणी जिनि विणु दंताँ जगु खाया ॥
मनमुख खाधे गुरमुखि उबरे जिनी सचि नामि चित्तु लाया ॥
बिनु नाँवै जगु कमला फिरै गुरमुखि नदरी आया ॥
धंधा करतियाँ निहफलु जनमु गँवाया सुखदाता मनि न वसाया ॥
नानक नामु तिनांको मिलिया जिनकौ धुरि लिखि पाया ॥१॥

[गुरु-शब्द] **महल्ला ३ ॥**

घर ही महिं अंमृतु भरपूर है मनमुखाँ सादु न पाया ॥
ज्यौं कसतूरी मिरगु न जाणै भ्रमदा भरमि भुलाया ॥
अंमृत तजि बिख संग्रहै करतै आपि खुआया ॥
गुरमुखि विरले सोझी पई तिन्हाँ अंदरि ब्रहमु दिखाया ॥
तन मन सीतल होइया रसना हरि सादु आया ॥
सबदे ही नाउँ ऊपजै सबदे मेलि मिलाया ॥
बिन सबदै सभु जगु बौराना बिरथा जनमु गँवाया ॥
अंमृतु एको सबदु है नानक गुरमुखि पाया ॥२॥

[गुरुमुख] **सलोक महल्ला ३ ॥**

सतिगुरकी सेवा सफल है जेको करे चित्त लाय ॥
मनचिंदिया फलु पावणा हौंमैं विचहुँ जाय ॥
बंधन तोड़ै मुकति होय सच्चे रहै समाय ॥
इसु जगु महिं नाम अलभु है गुरमुखि वसै मनि आय ॥
नानक जो गुर सेवहिं आपणा हौं तिन बलिहारै जाउँ ॥१॥

[गुरुमुख] **पौड़ी ॥**

तिनका खाधा १ पैंधा गाया सभ पवितु है जे नाम हरि राते ॥
तिनके घर मंदर महल सराई सभ पवितु हैं जिनि गुरमुखि
सेवक सिख अभियागत जाय २ वरसाते ॥
तिनके ३ तुरे ४ जीन ५ खुरगीर सभि पवितु हैं जिनी
गुरमुखि सिख साधसंगत चढ़ि जाते ॥
तिनके करम धरम कारज सभि पवितु हैं जो बोलहिं
हरि हरि रामनामु ६ हरिसाते ॥
जिनके ७ पोते पुंन है से गुरमुखि सिख गुरू पहिं जाते ॥१६॥

[सच्ची विद्या] **सलोक महल्ला ३ ॥**

पढ़णां गुड़णां संसारकी कार है अंदरि तृसना विकारु ॥
हौंमैं विचि सभि पढ़ि थके दूजै भाय खुआरु ॥
सो पढ़िया सो पंडितु बीना गुरसबदि करे वीचारु ॥
अंदरु खोजै ततु लहै पाये मोख दुआरु ॥
गुणनिधनु हरि पाईया सहजि करे वीचारु ॥
धंनु वापारी नानका जिसु गुरमुखि नामु अधारु ॥१॥

[निर्मल] **सलोकु महल्ला ३ ॥**

जनम जनम की इसु मन कौ मलु लागी काला होआ सियाहु ॥
८ खंनली ६ धोती उजली न होवई जे सौ धोवणि पाहु ॥

१—पहिनना। २--तृप्त होते हैं। ३—घोड़े। ४--घोड़ेका साज़ जो सवारी के लिये इस्तेमाल होता है। ५--ज़ीनका एक भाग जिसमें सवार पाँव रखता है। ६--प्रसन्न होते हैं। ७-पल्लेमें या भाग्यमें। ८--तेलीके कोल्हू को साफ़ करने का कपड़ा जो अत्यधिक मैला होता है। ६--धोने से।

गुरपरसादी जीवत मरै उलटी होवै मति १ बदलाहु ॥
नानक मैल न लगई ना फिरि जोनी पाहु ॥१॥

राग धनासरी

[संत-शरण] महल्ला ४ ॥

हम अंधुले अंध बिखै बिख राते किव चालहँ गुर चाली ॥
सतगुरु दया करे सुखदाता हम लावै आपन २पाली ॥१॥
गुरसिख मीत चलहु गुर चाली ॥
जो गुर कहै सोई भल मानहु हरि हरि कथा निराली ॥१रहाउ॥
हरि के संत सुणहु जन भाई गुर सेवहु ३ बेगि बेगाली ॥
सतगुर सेवि ४ खरचु हरि बांधौ मत जाणहु आजु कि काल्ही ॥२॥
हरि के संत जपहु हरि जपणा हरि संतु चलै हरि नाली ॥
जिन हरि जपिया से हरि होये हरि मिलिया ५ केलि ६ केलाली ।३।
हरि हरि जपनु जपि लोच लोचानी हरि किरपा करि ७ बनवाली ॥
जन नानक संगति साध हरि मेलहु हम साधजनां ८ पगराली ॥४॥

[प्रीतिकी रीति] धनासरी महल्ला ५ (घरु १ चौपदे)

बिनु जल प्रान तजे है मीना जिनि जल स्यौं ९ हेतु बढायौ॥
कमल १० हेति बिनसियो है भँवरा उन मारग निकसि न पायौ ॥१॥

१-बदलकर । २-- साथ अर्थात् शरणमें । ३--शीघ्र और अति शीघ्र । ४--परलोकका तोशा । ५--खेल-खेलमें । ६--लीलाधारी मालिक मिल गया । ७--हे मालिक ! ८--चरण-धूरि । ९--प्यार । १०--के प्यारमें लगकर ।

अब मन एकस स्यों मोह कीना ॥ मरै न जावै सद ही संगे
सतिगुर सबदा १ चीन्हा ॥१रहाउ ॥
काम हेति २ कुंचर लै ३ फांकियौ उह परवसि भयौ बिचारा ॥
४ नाद हेति सिर डारियौ ५ कुरंका उसही हेत ६ बिदारा ॥२॥
देखि कुटंबु लोभि मोहियो प्रानी माया को लपटाना ॥
अति रचियौ करि लीनौ अपुना उन छोडि ७ सरापर जाना ॥३॥
बिनु गोबिंद अवर संगि नेहा जाणहु सदा ८ दुहेला ॥
कहु नानक गुर इहै बुझायो प्रीति प्रभू सद ९ केला ॥४॥

[चेतावनी] **धनासरी महल्ला ५ ॥**

वडे वडे १० राजन अरु ११ भूमन ताकी त्रिसन न बूझी ॥
लपटि रहे माया रंग १२ माते लोचन कछू न सूझी ॥१॥
१३ बिखिया महँ किनही तृपति न पाई ॥ ज्यों पावक ईंधन नहीं १४ धापै बिनु हरि कहाँ अघाई ॥१॥ रहाउ ॥
दिन दिन करत भोजन बहु १५ बिंजन ताकी मिटै न भूखा ॥
उदमु करै सुआनकी नियाईं चारे १६ कुंटाँ १७ घोखा ॥२॥
कामवंत कामी बहु नारी परगृह जोह न चूकै ॥
दिनप्रति करै करै पछुतापै सोग लोभ महिं सूकै ॥३॥
हरि हरि नामु अपाक अमोला अंमृतु एक निधाना ॥
सूख सहजु आनंद संतन कै नानक गुर ते जाना ॥४॥

१--पहिचान लिया । २--हाथी । ३--फँसा लिया गया । ४--शब्द या सुरीली आवाज़। ५--हरिण । ६--नष्ट हो गया । ७--हर हाल में (आगे पीछे)। ८--दुःखी । ९--आन्नदरूप। १०--राजा-महाराजा । ११--ज़मींदार । १२--मस्त हैं। १३--विषय-विकारों में । १४--तृप्त होवें । १५--अनेक प्रकार के स्वादिष्ट पदार्थ। १६--चारों दिशाओं में । १७--भटकता फिरता है।

[चेतावनी] धनासरी महल्ला ५ (घरु २ चौपदे)

छोडि जाहिं से करहिं १ पराल, कामि न आवहिं से जंजाल ॥
संगि न चालहिं तिन स्यौं हीत, जे २ बैराई सेई मीत ॥१॥
ऐसे भरमि भुले संसारा, जनमु पदारथु खोय गँवारा ॥रहाउ॥
साचु धरमु नहीं भावै डीठा, झूठ धोह स्यौं रचियो मीठा ॥
दाति पियारी विसरिया दातारा, जाणै नाहीं मरण विचारा ॥२॥
वसतु पराई कौ उठि रोवै, करम धरम सगला ई खोवै ॥
हुकमु न बूझै आवण जाणै, पाप करै ताँ पछोताणै ॥३॥
जो तुधु भावै सो परवाणु, तेरे भाणै नों कुरबाणु ॥
नानकु गरीबु बंदा जनु तेरा, राखि लेय साहिबु प्रभु मेरा ॥४॥

[घट-मठ] राग धनासरी महल्ला ६

काहे रे बन खोजन जाई ॥
सरबनिवासी सदा ३ अलेपा तोही संगि समाई ॥१रहाउ॥
४ पुहप ५ मधि ज्यौं ६ बासु बसतु है ७ मुकर महिं जैसे ८ छाई ॥
तैसे ही हरि बसे ९ निरंतरि घट ही खोजहु भाई ॥१॥
बाहरि भीतरि एको जानहु इहु गुर गियानु बताई ॥
जन नानक बिनु आपा चीन्हे मिटै न भ्रमकी १० काई ॥२॥

१--प्यार। २--वैरी। ३--निर्लेप (मालिक)। ४--फूल। ५--में। ६--सुगन्धि। ७--दर्पण (मुख देखनेका काँच)। ८--परछाहीं। ९--अंदर ही में। १०--मैल।

राग जैतसरी

[चेतावनी] **महल्ला ५** (घरु ३)

कोई जानै कवन ईहाँ जगि मीत ॥
जिसु होय कृपालु सोई १ बिधि बूझै ताकी निरमल रीति ॥१॥ रहाउ ॥
मात पिता २ बनिता सुत ३ बंधप ४ इसट मीत अरु भाई ॥
पूरब जनम के मिलै संजोगी अंतहिं को न सहाई ॥१॥
५ मुकतिमाल ६ कनिक लाल हीरा मन ७ रंजन की माया ॥
हाहा करत ८ बिहानी ९ अवधहिं ता महिं १० संतोखु न पाया ॥२॥
हसति रथ अस्व पवन तेज धणी भूमन ११ चतुरांगा ॥
संगि न चालियो इन महिं कछूए ऊठि सिधायौ नांगा ॥३॥
हरिके संत प्रिय प्रीतम प्रभके ताकै हरि हरि गाईयै ॥
नानक ईहां सुख आगै मुख ऊजल संगि संतन कै पाईयै ॥४॥

[सुमिरण] **जैतसरी महल्ला ५ ॥**

१२ लोड़ींदड़ा साजनु मेरा ॥
घरि घरि मंगल गावहु नीके घटि घटि तिसहिं बसेरा ॥१ रहाउ ॥
सूखि १३ अराधनु दूखि अराधनु बिसरै न काहू बेरा ॥

१--असली युक्ति । २--स्त्री । ३--सम्बन्धी । ४--प्यारे । ५--मोतियोंकी मालायें । ६--सोना । ७--यह सब मनके रिझानेकी माया है । ८--बीत गई । ९--आयु । १०--तृप्ति । ११--चार प्रकार की सेना । १२--चाहिये । १३--सुमिरन ।

नामु जपत कोटि १ सूर २ उजारा बिनसै भरमु अंधेरा ॥१॥
३ थानि थनंतरि सभनो ४ जाई जो दीसै सो तेरा ॥
संत संगि पावै जो नानक तिसु बहुरि न ५ होई है ६ फेरा ॥२॥

जैतसरी महल्ला ५ ॥

[मिलन] (छंत घरु १) सलोक

दरसन पियासी ७ दिनसु राति ८ चितवौं ९ अनदिनु नीत ॥
खोल्हि १० कपट गुरि मेलिया नानक हरि संगि मीत ॥१॥

[चेतावनी]

जैतसरी महल्ला ९ ॥

भूलियौ मन माया उरझायौ ॥
जो जो करम कीयौ लालच लगि तिह तिह आपु बंधायौ ॥
॥१ रहाउ ॥
समझ न परी बिखैरस रचियौ जसु हरि कौ बिसरायौ ॥
संगि सुआमी सो जानियौ नाहिन बनु खोजन कौ धायौ ॥१॥
रतनु रामु घट ही के भीतरि ताको गियानु न पायौ ॥
जन नानक भगवंत भजन विन बिरथा जनमु गँवायौ ॥२॥

१—सूर्य । २—प्रकाश । ३–स्थान-स्थान में । ४-जगह पर । ५–होवेगा । ६—जन्म-मरण । ७–दिन । ८–सुमिरन करौं । ९–प्रतिदिन । १०—कपाट या अंतरके द्वारे ।

राग टोडी

[अभिलाषा] **महल्ला ५** (घरु २ दुपदे)

माँगौं दानु ठाकुर नाम ॥
अवर कछू मेरै संगि न चालै मिलै कृपा गुण-गाम।१ रहाउ।
राजु मालु अनेक भोग रस सगल १ तरवर की छाम ॥
धाय धाय बहुबिधि को धावै सगल २निरारथ काम ॥१॥
बिनु गोविंद अवर जे चाहौं दीसै सगल बात है ३ खाम ॥
कहु नानक संतरेन माँगौं मेरो मन पावै बिसराम ॥२॥

[विनय] **टोडी महला ५ ॥**

सतिगुरु आयो सरणि तुम्हारी ॥
मिलै सूख नाम हरि सोभा चिंता ४ लाहि हमारी ॥१ रहाउ॥
अवर न सूझै दूजी ठाहर हारि परियौ तव द्वारी ॥
लेखा छोडि अलेखै छूटहँ हम निरगुन लेहु उवारी ॥१॥
सद बखसिंदु सदा मिहरवाना सभनां देय अधारी ॥
नानकदास संत पाछै परियौ राखि लेहु इह बारो ॥२॥

१--बृच्छकी छाया। २--सभी इच्छायें व्यर्थ हैं। ३--कच्ची अर्थात् फ़जूल।
४--दूर कर दे।

राग तिलंग

[उपदेश] **महल्ला १** (घरु ३)

इहु तनु माया १ पाहिया पियारे २ लीतड़ा ३ लबि रंगाये ॥
मेरै कंत न भावै चोलड़ा पियारे क्यों धन सेजै जाये ॥१॥
हौं कुरबानै जाउँ मिहरवाना हौं कुरबानै जाउँ ॥
हौं कुरबानै जाउँ तिनां कै लैन जो तेरा नाउँ ॥
लैन जो तेरा नाउँ तिनां कै हौं सद कुरबानै जाउँ ॥१ रहाउ ॥
काया रंङणि जे थीऐ पियारे पाईयै नाउँ मजीठ ॥
रंङण वाला जे रंङै साहिब ऐसा रंगु न डीठ ॥२॥
जिनके चोले रतड़े पियारे कंतु तिनां कै पासि ॥
धूड़ि तिनां की जे मिलै जी कहु नानक की अरदासि ॥
आपे साजे आपे रंगे आपे नदरि करेय ॥
नानक कामणि कंतै भावै आपे ही ४ रावेय ॥४॥

[उपदेश] **तिलंग महल्ला १**

५ इयानड़ीये ६ मानड़ा काये करेहि ॥
७ आपनड़ै घरि हरि रंगो की न माणेहि ॥
८ सहु नेड़े धनु कमलिये बाहरु क्या ढूँढेहि ॥

१--इस तन को माया का पान चढ़ाया है। २--लिया। ३--लालचके रंगमें। ४--लीन रहता है। ५-- ऐ अनजान रूह ! ६--मान-गुमान। ७--क्यों नहीं अपने अंतरमें मालिककी प्रीति का आनन्द भोगती।
८-- ऐ कम-अकल रूह ! मालिक तो तेरे निकट ही है; फिर तू उसको बाहर क्या ढूँढती फिरती है ?

भै कीयाँ देहि सलाईयाँ नैंणी भाव का करि सींगारो ॥
ता सोहागणि जाणियै जां सहु धरै पियारो ॥१॥

इयाणी बाली क्या करै जा धन कंत न भावै ॥
१ करण पलाह करे बहुतेरे सा धन महल न पावै ॥
विणु करमां किछु पाईयै नाहीं जे बहुतेरा धावै ॥
लब लोभ अहंकार की माती माया माहिं समाणी ॥
इनी बातीं सहु पाईयै नाहीं भई कामणि इयाणी ॥२॥

जाय पुछहु सोहागणी २ वाहै किनी बातीं सहु पाईयै ॥
जो किछु करे सो भला करि मानियै ३ हिकमति हुकमु चुकाईयै ॥
जाकै प्रेम पदारथु पाईयै तौ चरणी चितु लाईयै ॥
सहु कहै सो कीजै तन मनो दीजै ऐसा परमल लाईयै ॥
एव कहैं सोहागणीं भैणें इनी बातीं सहु पाईयं ॥३॥

आपु गँवाईयै तां सहु पाईयै और कैसी चतुराई ॥
सहु नदरि करि देखै सो दिनु लेखै कामणि नौनिधि पाई ॥
आपणे कंत पियारी सा सोहागणि नानक सा ४ सभराई ॥
ऐसे रंग राती सहज की माती अहिनिसि भाय समाणी ॥
सुंदरि ५ साई सरूप ६ बिचखणि कहियै सा सियाणी ॥४॥

[चेतावनी] तिलंग महला ९ (काफ़ी)

चेतना है तौ चेत लै निसिदिन मैं प्रानी ॥

१—दुःखभरी पुकारें । २—बहु । ३—अपनी बुद्धि को मालिककी मौज अथवा हुकम में खतम कर देवे । ४—सबमें उत्तम । ५—सोहै । ६—अद्भुत आकर्षक ।

छिनु छिनु १औध २बिहातु है फूटै ३घट ज्यों पानी ॥१ रहाउ ॥
हरिगुन काहि न गावही मूरख अगियाना ॥
झूठै लालचि लागि कै नहिं मरनु पछाना ॥१॥
अजहूँ कछु बिगरियो नहीं जो प्रभ गुन गावै ॥
कहु नानक तेहि भजन ते निरभै पदु पावै ॥२॥

[चेतावनी] तिलंग महल्ला ६ ॥

जागि लेहु रे मनां जागि लेहु कहा ग़ाफ़िल सोया ॥
जो तनु उपजिया संग ही सो भी संग न होया ॥१॥ रहाउ ॥
मात पिता सुत बंधजन हित जा स्यों कीना ॥
जीउ छूटियो जब देह ते डारि अगनि मैं दीनां ॥१॥
जीवत लौं बियौहार है जग कौ तुम जानौ ॥
नानक हरिगुन गाइलै सभ ४सुफन समानौ ॥२॥

[चेतावनी] तिलंग महल्ला ६ ॥

हरिजसु रे मनां गाइलै जो संगी है तेरो ॥
औसरु बीतियौ जातु है कहियो मानि लै मेरो ॥१रहाउ ॥
संपति रथ धन राज स्यों अति नेह लगायौ ॥
काल फाँस जब गलि परी सभ भयौ परायौ ॥१॥
जानि बूझि कै बावरे तैं काज बिगारियौ ॥
पाप करत ५सकुचियो नहीं नहँ ६गरबु निवारियौ ॥२॥
जिहबिधि गुर उपदेसिया सो सुनु रे भाई ॥
नानक कहत पुकारि कै गहु प्रभ सरनाई ॥३॥

१--आयु । २--बीती जा रही है । ३--जिस प्रकार फूटे घड़ेमें पानी नहीं ठहर सकता । ४--स्वप्न । ५--लज्जा नहीं आई । ६--अहंकार ।

राग सूही

[उपदेश] **सूही महल्ला ५ ॥**

बुरे काम कौ ऊठि खलोइया ॥
नाम की बेला पै पं सोइया ॥१॥
औसरु अपना बुझै न १ इयाना ॥
माया मोह रंगि लपटाना ॥१॥ रहाउ ॥
लोभ लहरि कौ बिगसि २ फूलि बैठा ॥
साधजनां का दरसु न डीठा ॥२॥
कबहूँ न समझै अगियानु गँवारा ॥
बहुरि बहुरि लपटियो जंजारा ॥१॥ रहाउ ॥
बिखै नाद करन सुनि ३ भीना ॥
हरिजसु सुनत आलसु मनि काना ॥३॥
द्रसटि नहीं रे पेखत अंधे ॥
छोडि जाहिं झूठे सभि धंधे ॥१॥ रहाउ ॥
कहु नानक प्रभ बखस करीजै ॥
करि किरपा मोहि साधसंगु दीजै ॥४॥
तौ किछु पाईयै जब होईयै रेना ॥
जिसहिं बुझाये तिसु नामु लैंना ॥१॥ रहाउ ॥

[सतगुरु-महिमा] **सूही महल्ला ५ ॥**

गुरु परमेसरु करणैहारु, सगल स्रसटि कौ दे आधारु।१।

१--अनजान। २--प्रसन्न होकर फूला न समाया ३--विषयों के नाद अपने कानों से सुनकर प्रसन्न हुआ।

गुरके चरणकमल मन धियाय, दूख दरद इस तन ते जाय ।१रहाउ।
भवजल डूबत सतिगुरु काढै, जनम जनम का टूटा गांढै ।२।
गुरकी सेवा करहु दिन राति, सूख सहज मनि आवै सांति ।३।
सतिगुर की रेणु वडभागी पावै, नानक गुरकौ सद बलि जावै ।४।

[विनय] **सूही महल्ला ५ ॥**

दरसनु देखि जीवां गुर तेरा, पूरन करम होय प्रभ मेरा ।१।
इह बेनंती सुणि प्रभ मेरे, देहि नाम करि अपणे १चेरे ॥१ रहाउ॥
अपणी सरणि राखु प्रभ दाते, गुरप्रसादि किनै विरलै जाते ।२।
सुनहु बिनौ प्रभ मेरे मीता, चरणकमल वसहिं मेरे चीता ।३।
नानकु एक कहै अरदासि, विसरु नाहीं पूरन गुणतासि ।४।

[साधु-संग] **राग सूही महल्ला ५** (घरु ४)

भली २सुहावी ३छापरी जा महि गुन गाये ॥
कितही कामि न ४धौलहर जितु हरि बिसराये ॥१रहाउ॥
अनंद गरीबी साधसंगि जितु प्रभ चित्ति आये ॥
जलि जाउ एहु बडपना माया लपटाये ॥१॥
पीसनु पीसि ओढि ५कामरी सुखु मनु संतोखाये ॥
ऐसो राजु न कितै काजि जितु नहँ तृपताये ॥२॥
नगन फिरत रंगि एक कै उहु सोभा पाये ॥
पाट पटंबर बिरथिया जिह रचि लोभाये ॥३॥
सभु किछु तुम्हरै हाथि प्रभ आपि करे कराये ॥
सासि सासि सिमरत रहाँ नानक दानु पाये ॥४॥

१—सेवक । २—सुंदर (शोभनीक) ३—फूसकी कुटिया । ४—ऊँचे ऊँचे महल । ५—कम्बल ओढ़कर ।

[संत-महिमा] सूही महल्ला ५ ॥

१भागठड़े हरि संत तुम्हारे जिन्ह घरि धनु हरिनामा ॥
परवाणु गणी सेई इह आये सफल तिनां के २ कामा ॥१॥
मेरे राम हरिजन के हौं बलि जाईं ॥ केसां का करि चँवरु
ढुलावां चरणधूड़ि मुखि लाईं ॥१रहाउ ॥
जनम मरण दोहू महिं नाहीं जन परउपकारी आये ॥
जीअ दानु दे भगती लाइन हरि स्यों लैनि मिलाये ॥२॥
सच्चा ३ अमरु सच्ची पातिसाही सच्चे सेती राते ।
सच्चा सुख सच्ची वडियाई ४जिसके से तिनि जाते ॥३॥
पँखा फेरीं पाणी ढोवाँ हरिजन कै पीसणु पीसि कमावाँ ॥
नानक की प्रभ पासि बेनंती तेरे ५जन देखणु पावाँ ॥४॥

[सेवक] सूही महल्ला ५ ॥

जिसके सिरि ऊपरि तूँ स्वामा सो दुखु कैसा पावै ॥
बोलि न जाणै माया मदि माता मरना चीति न आवै ॥१॥
मेरे रामराय तूँ संताँ का संत तेरे ॥ तेरे सेवक कौ भौ किछु
नाहीं जमु नहीं आवै नेरे ॥१रहाउ ॥
जो तेरै रंगि राते स्वामी तिन्हका जनम मरण दुखु नासा ॥
तेरी ६बखस न मेटै कोई सतिगुर का ७दिलासा ॥२॥
नामु धियाइन सुख फल पाइन आठ पहर आराधहिं ॥
तेरी सरणि तेरै भरवासै पंच दुसट लै ८साधहिं ॥३॥

१--भाग्यशाली । २-उनके किये हुये सभी कार्य सफल हैं । ३-उनका बचन सच्चा है । ४-अर्थात् जिस मालिकके साथ सच्चा सम्बन्ध है; उसीको पहिचानकर उसमें मिल चुके हैं । ५-तेरे प्यारे सन्तजन । ६-बख़शीश । ७-बिश्वास । ८-पाँचों विकारों को वशमें कर लेते हैं ।

गियानु धियानु किछु करम न जाणां सार न जाणां तेरी ॥
सभते वॅडा सतिगुरु नानकु जिनि १कल राखी मेरी ॥४॥

[गुरुमुख] **राग सूही महल्ला ३** (घरु१)

नामै ही ते सभु किछु होआ बिनु सतिगुर नामु न २जापै ॥
गुरका सबदु महांरसु मीठा बिनु चाखे ३सादु न जापै ॥
कौडी बदलै जनमु गँवाया चीन्हसि नाहीं आपै ॥
गुरमुखि होवै तां एको जाणै हौंमैं दुखु न संतापै ॥१॥
बलिहारी गुर आपणे विटहुँ जिनि साचे स्यौं लिव लाई ॥
सबदु चीन्हि आतमु परगासिया सहजे रहिया समाई ॥१रहाउ ॥
गुरमुखि गावै गुरमुखि बूझै गुरमुखि सबदु बीचारे ॥
जीउ पिंडु सभु गुरते उपजै गुरमुखि कारज सँवारे ॥
मनमुखि अंधा अंधु कमावै ४बिखु खटे संसारे ॥
माया मोहि सदा दुखु पाये बिन गुर अति पियारे ॥२॥
सोई सेवकु जे सतिगुर सेवे चालै सतिगुर भाये ॥
साचा सबदु सिफ़ति है साची साचा मंनि वसाये ॥
सच्ची बाणी गुरमुखि आखै हौंमैं विचहुँ जाये ॥
आपे दाता करमु है साचा साचा सबदु सुणाये ॥३॥
गुरमुखि ५घाले गुरमुखि खटे गुरमुखि नामु जपाये ॥
सदा अलिपतु साचै रंगि राता गुरकै सहजि सुभाये ॥
मनमुख सदही कूड़ो बोलै बिखु बीजै बिखु खाये ॥
जम कालि बाधा तृसना ६दाधा बिनु गुर कवण छडाये ॥४॥

१-मेरी सुधि ली। २--नहीं जाना जा सकता। ३--स्वाद या रस का पता नहीं लग सकता। ४--ज़हर। ५--पुरुषार्थ करता है। ६--जलता रहता है।

सच्चा तीरथु जितु सतसरि नावणु गुरमुखि आपि बुझाये ॥
अठसठि तीरथ गुर सबदि दिखाये तितु नातै मलु जाये ॥
सच्चा सबदु साचा है निरमलु ना मलु लगै न लाये ॥
सच्ची सिफति सच्ची सालाह पूरे गुर ते पाये ॥५॥
तनु मनु सभु किछु हरि तिसु केरा दुरमति कहणु न जाये ॥
हुकमु होवै तां निरमलु होवै हौमैं विचहुँ जाये ॥
गुरकी साखी सहजे चाखी तृसना अगनि बुझाये ॥
गुरकै सबदि राता सहजे माता सहजे रहिया समाये ॥६॥
हरि का नामु सति करि जाणै गुरकै भाय पियारे ॥
सच्ची वडियाई गुरते पाई सच्चै नायँ पियारे ॥
एको सच्चा सभ महिं वरतै विरला को वीचारे ॥
आपे मेलि लये तां बखसे सच्ची भगति सँवारे ॥७॥
सभो सचु सचु सचु वरतै गुरमुखि कोई जाणै ॥
जंमण मरणा हुकमो वरतै गुरमुखि आपु पछाणै॥
नामु धियाये तां सतिगुर भाये जो इच्छै सो फलु पाये ॥
नानक तिसदा सभु किछु होवै जि विचहुँ आपु गँवाये ॥८॥

[बिरह] राग सूही महल्ला ४ (घरु २)

कोई आणि मिलावै मेरा प्रीतमु पियारा हौं तिसु पहिं आपु वेचाईं ॥१॥
दरसनु हरि देखण कै ताईं ॥ कृपा करहिं तां सतिगुरु मेलहिं हरि हरि नामु धियाईं ॥१॥ रहाउ ॥
जो सुखु देहिं त तुझहिं अराधीं दुख भी तुझै धियाईं ॥२॥

